Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01 नवंबर, 2022

जल सप्ताह-इंडिया वाटर वीक का उद्घाटन:

भारत के राष्ट्रपति आज ग्रेटर नोएडा में **जल सप्ताह-इंडिया वाटर वीक** का उद्घाटन करेंगी। **जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय** द्वारा एकीकृत जल संसाधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, संरक्षण और उपयोग करने के प्रयास में **1 नवंबर से 5 नवंबर** तक भारत जल सप्ताह के सातवें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस मंच का उपयोग वैश्विक स्तर के निर्णयकर्त्ताओं, राजनेताओं, शोधकर्त्ताओं और उद्यमियों के बीच विचार-विमर्श हेतु किया जाएगा। जल सप्ताह का केंद्रीय विषय **"सतत विकास एवं समानता के लिये जल सुरक्षा"** है। यह आयोजन दुनिया भर के विशेषज्ञों, योजनाकारों तथा हितधारकों के एकीकरण में मदद करेगा और सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप **जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन की स्थिरता** से संबंधित मुद्दों को प्रस्तुत करेगा। **कार्यक्रम में सम्मेलनों के साथ सेमिनार, पैनल चर्चा, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। डेनमार्क, सिंगापुर और फिनलैंड इस आयोजन में भाग लेंगे।**

हरित आयकर

आयकर विभाग ने 31 अक्तूबर, 2022 को समाप्त होने वाले भारत सरकार के महीने भर चले **'विशेष स्वच्छता अभियान'** में बड़े उत्साह से भाग लिया। इसी दिन (31 अक्तूबर) सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जाती है और इसे 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में भी जाना जाता है। आयकर विभाग **राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हरित आयकर की शुरुआत** की है। इस विशेष पहल के तहत आयकर विभाग के भवनों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में एवं उनके आसपास **पेड़ लगाकर तथा सूक्ष्म वन विस्तार कर हरित आवरण को बढ़ाने का संकल्प** लिया गया है। शब्द **एचएआरआईटी-हरित** वास्तव में **हरियाली अचीवमेंट रेज़ोल्यूशन बाई इनकम टैक्स** का संक्षिप्त रूप है।

'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 01 नवंबर, 2022 को **राजस्थान के बाँसवाड़ा ज़िले में 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा'** कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने गुजरात के पंचमहल ज़िले के जम्बूगोडा में आठ सौ साठ करोड़ रुपए लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री गोधरा में श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के नए परिसर, वाडेक गाँव में संतजोरिया परमेश्वर प्राइमरी स्कूल और स्मारक तथा दांडियापुरा गाँव में**राजारूप सिंह नायक प्राइमरी स्कूल व स्मारक का लोकार्पण भी करेंगे।** प्रधानमंत्री गोधरा केंद्रीय विद्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे। वे **गोधरा मेडिकल कॉलेज** के विकास एवं कौशल्य विश्वविद्यालय के विस्तार कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। मानगढ़ धाम**राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं के लिये विशेष महत्त्व रखता है। राजस्थान व गुजरात की सीमा पर बाँसवाड़ा ज़िले की आनंदपुरी पंचायत समिति क्षेत्र की पहाड़ी पर मानगढ़ धाम स्थित हैं।** 17 नवंबर, 1913 में गोविन्द गुरु के नेतृत्त्व में अंग्रेज़ो से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते हुए करीब 1500 आदिवासी शहीद हुए थे। ऐसा कहा जाता है कि यह घटनाक्रम जलियावाला बाग से भी बड़ा था। दिल्ली के अभिलेखागार से मानगढ़ से जुड़े अधिकृत दस्तावेज़ जुटाने के बाद सरकार इसके विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-november-2022